लोक सभा अध्यक्ष ने ब्रह्माकुमारीज़ प्रमुख दादी हृदय मोहिनी जी के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 11 मार्च, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने ब्रह्माकुमारीज़ प्रमुख दादी हृदय मोहिनी जी के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री बिरला ने दादी हृदय मोहिनी जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा:

"ब्रह्माकुमारीज़ प्रमुख दादी हृदय मोहिनी जी के देहावसान का समाचार दुखद है। वे संवेदना, स्नेह, सरलता और करूणा की मिसाल थीं जिन्हें मानव सेवा के कार्यों के लिए सदैव याद किया जाएगा।शोक की इस घड़ी में मेरी संवदनाएं ब्रह्माकुमारीज़ परिवार एवं उनके अनुयायियों के साथ हैं।

ऊं शांति!!!"